**1st Terminal Examinations 2022-2023**

**GRADE 10** **Marks-80**
**Date 10.10.2022** **HINDI** **Time- 3 Hours**

**सामान्य निर्देश :**
(i) इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं— अ और ब।
(ii) दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।
(iii) यथासंभव प्रश्नों के उपभागों के उत्तर क्रमश: लिखिए।

**खंड – ' अ ' (वस्तुपरक प्रश्न)** **(40 Marks)**

**I. दिए गए अनुच्छेद ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए।** **(1X5=5)**

कार्य का महत्त्व और उसकी सुंदरता उसके समय पर संपादित किए जाने पर ही है। अत्यंत सुघड़ता से किया हुआ कार्य भी यदि आवश्यकता के पूर्व न पूरा हो सके तो उसका किया जाना निष्फले ही होगा। चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा। उसके देर से किए गए उद्यम का कोई मूल्य नहीं होगा। श्रम का गौरव तभी है जब उसका लाभ किसी को मिल सके। इसी कारण यदि बादलों द्वारा बरसाया गया जल कृषक की फ़सल को फलने-फूलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ ही है। अवसर का सदुपयोग न करने वाले व्यक्ति को इसी कारण पश्चाताप करना पड़ता है।

(1). जीवन में समय का महत्त्व क्यों है?
(क) समय काम के लिए प्रेरणा देता है।
(ख) समय की परवाह लोग नहीं करते।
(ग) समय पर किया गया काम सफल होता है।
(घ) समय बड़ा ही बलवान है।

(2). खेत का रखवाला उपहास का पात्र क्यों बनता है?

(क) खेत में पौधे नहीं उगते।

(ख) समय पर खेत की रखवाली नहीं करता।

(ग) चिड़ियों का इंतजार करता रहता है।

(घ) खेत पर मौजूद नहीं रहता।

(3). चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा। इस पदबंध का प्रकार होगा

(क) संज्ञा

(ख) सर्वनाम

(ग) क्रिया

(घ) क्रियाविशेषण

(4). बादल का बरसना व्यर्थ है, यदि

(क) गरमी शांत न हो।

(ख) फ़सल को लाभ न पहुँचे

(ग) किसान प्रसन्न न हो

(घ) नदी-तालाब न भर जाएँ

(5). गद्यांश का मुख्य भाव क्या है?

(क) बादल का बरसना

(ख) चिड़ियों द्वारा खेत का चुगना

(ग) किसान का पछतावा करना

(घ) समय का सदुपयोग

**प्रश्न -2 दिए गए अनुच्छेद ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। (1X5=5)**

सुख विश्वास से उत्पन्न होता है। सुख जड़ता से भी उत्पन्न होता है। पुराने जमाने के लोग सुखी इसलिए थे कि ईश्वर की सत्ता में उन्हें विश्वास था। उस जमाने के नमूने आज भी हैं, मगर वे महानगरों में कम मिलते हैं। उनका जमघट गाँवों, कस्बों या छोटे-छोटे नगरों में है। इनके बहुत अधिक असंतुष्ट न होने का कारण यह है कि जो चीज़ उनके बस में नहीं है, उसे वे अदृश्य की इच्छा पर छोड़कर निश्चित हो जाते हैं। इसी प्रकार सुखी वे

लोग भी होते हैं, जो सच्चे अर्थों में जड़तावादी हैं, क्योंकि उनकी आत्मा पर कठखोदी चिड़िया चोंच नहीं मारा करती, किंतु जो न जड़ता को स्वीकार करता है, न ईश्वर के अस्तित्व को तथा जो पूरे मन से न तो जड़ता का त्याग करता है और न ईश्वर के अस्तित्व का, असली वेदना उसी संदेहवादी मनुष्य की वेदना है। पश्चिम का आधुनिक बोध इसी पीड़ा से ग्रस्त है। वह न तो मनुष्य भैंस की तरह खा-पीकर संतुष्ट रह सकता है न अदृश्य का अवलंब लेकर चिंतामुक्त हो सकता है। इस अभागे मनुष्य के हाथ में न तो लोक रह गया है, न परलोक। लोक इसलिए नहीं कि वह भैंस बनकर जीने को तैयार नहीं है और परलोक इसलिए नहीं कि विज्ञान उसका समर्थन नहीं करता। निदान, संदेहवाद के झटके खाता हुआ यह आदमी दिन-रात व्याकुल रहता है और रह-रहकर आत्महत्या की कल्पना करके अपनी व्याकुलता का रेचन करता रहता है।

(1). सुख किनसे उत्पन्न होता है?

(क) विश्वास (ख) जड़ता (ग) (क) व (ख) (घ) कोई नहीं

(2). गाँवों में लोग असंतुष्ट नहीं हैं क्योंकि

(क) वे अदृश्य पर अपनी चिंता छोड़ देते हैं।

(ख) उनके पास सभी सुविधाएँ हैं।

(ग) वे शक्तिशाली हैं।

(घ) कोई नहीं।

(3). सुखी वे होते हैं जो

(क) जड़ता को स्वीकार नहीं करते

(ख) ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार नहीं करते

(ग) (क) व (ख)

(घ) कोई नहीं

(4). पश्चिम का आधुनिक बोध किससे पीड़ित है

(क) संदेहवादी दृष्टि

(ख) आस्तिकवाद

(ग)अस्तित्ववाद:

(घ) कोई नहीं

(5). **‘विश्वास’** का विलोम है

(क)अविश्वास

(ख) धोखा

(ग)भेदभाव

(घ) कोई नहीं

व्याकरण

**प्रश्न -3. निर्देशानुसार ' पदबंध ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1x4=4)**

(1). अयोध्या के राजा दशरथ के चार पुत्र थे। ( रेखांकित पदबंध का प्रकार चुनकर लिखिए।

(क) क्रिया पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) संज्ञा पदबंध

(2). बिजली-सी फुरती दिखाकर आपने बालक को गिरने से बचा लिया।( रेखांकित पदबंध का प्रकार चुनकर लिखिए।

(क) विशेषण पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग)संज्ञा पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(3) . बरगद और पीपल की घनी छाँव से हमें बहुत सुख मिला| ( रेखांकित पदबंध का प्रकार चुनकर लिखिए। )

(क) क्रिया पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) संज्ञा पदबंध.

(4). वह बाजार की ओर आया होगा। ( रेखांकित पदबंध का प्रकार चुनकर लिखिए। )

(क) विशेषण पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) संज्ञा पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(5). मुझे रिया घर से दिखाई दे रही है। (रेखांकित पदबंध का प्रकार चुनकर लिखिए। )

(क) विशेषण पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध (ग)सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

**प्रश्न -4. निर्देशानुसार ' समास ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
**(1x4=4)**

(1). नीलगगन – शब्द में समास बताइए

(क) तत्पुरुष समास (ख) द्विगु समास (ग) कर्मधारय समास (घ) बहुव्रीहि समास

(2). पंचतंत्र – शब्द में समास पहचानिए

(क) द्वंद्व समास (ख) अव्ययीभाव समास (ग) कर्मधारय समास (घ) द्विगु समास

(3). नर-नारी – शब्द में समास बताइए

(क) द्वंद्व समास (ख) द्विगु समास (ग) बहुव्रीहि समास (घ) तत्पुरुष समास

(4). रामाश्रित में कौन सा समास है

(क) अव्ययीभाव समास (ख) कर्मधारय समास (ग) तत्पुरुष समास (घ) द्वंद्व समास

(5). मुरलीधर – शब्द में समास छाँटिए

(क) अव्ययीभाव समास (ख) तत्पुरुष समास (ग) बहुव्रीहि समास (घ) कर्मधारय समास

**प्रश्न -5. निर्देशानुसार ' रचना के आधार पर वाक्य भेद ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1x4=4)**

(1). दीपक जला और अंधेरा नष्ट हुआ | (वाक्य भेद चुनकर लिखिए।

(क ) संयुक्त (ख) संकेत वाचक (ग) विधान वाचक (घ) मिश्र

(2). मुसीबत आ जाए तो भागना उचित नहीं |

(क ) संयुक्त (ख) सरल (ग) मिश्र (घ) आज्ञार्थक

(3). जब तक तम जाओगे नहीं तब तक वह नहीं आएगा |

(क) संयुक्त (ख) सरल (ग) मिश्रित (घ) तीनों में से कोई नहीं

(4). मैंने उसे उठाया और खाना खिलाया |

(क) सरल (ख) संयुक्त (ग) मिश्रित (घ) आज्ञावाचक

(5) . 'आज धूप निकलने की संभावना है' मिश्र वाक्य में बदलिए

(क) आज धूप निकल सकती है

(ख)  आज धूप और बारिश आने की संभावना है

(ग)  संभावना है कि आज धूप और बारिश आएगी

(घ)  संभावना है कि आज धूप निकले

**प्रश्न -6. निर्देशानुसार ' मुहावरे पर आधारित ' छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (1x4=4)

(1). पढ़ाई में मेहनत कर मैं ............. हो सकता हूँ। मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :-

(क) अंधों में काना राजा

(ख)   एक पंथ दो काज

(ग) अपना हाथ जगन्नाथ

(घ)  पैरों पर खड़ा होना

(2). उसे शिक्षक की नौकरी अवश्य मिल जाएगी, क्योंकि उसने .......... रहे हैं। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(क) जी तोड़ मेहनत करना

(ख)  बीड़ा उठाना

(ग) बाएं हाथ का खेल होना

(घ)  पत्थर की लकीर होना

(3). रोहन ने यह नौकरी पाने के लिए "बहुत परिश्रम किया" | रेखांकित वाक्यांश के लिए सही मुहावरा है-

(क) जान पर खेलना

(ख) लोहे के चने चबाना

(ग) एंडी चोटी का जोर लगानालु

(घ)  टिया डुबाना

(4). मेरे पिताजी ने यह कार अपनी........... से लिया है। रिक्त स्थान पर सही मुहावरा भरे

(क) खेती करके (ख) सूझ-बुझ (ग) गाढ़ी कमाई (घ) परिश्रम

(5). गरीब माँ-बाप अपना .................... कर बच्चों को पढ़ाते हैं और वे चिंता नहीं करते। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए :-

(क) गला काट।  (ख) पेट काट।  (ग) खून बहा।  (घ) . मन लगा।

(6). तुम तो कभी दिखाई ही नहीं देते, तुम्हें देखने को तरस गया, ऐसा लगता है कि तुम ............. गए हो। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए :-

(क) ईद के चाँद होना।

(ख) कहीं गुम होना।

(ग) घर से बाहर न निकलना।

(घ) ईद के सूरज होना।

**काव्य खंड से**

**प्रश्न -7. नीचे दिए गए कवितांश ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए।** **(1x5=5)**

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी।
हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
वही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ॥
उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,
उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।
उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती;
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती।
अखंड आत्म-भाव जो असीम विश्व में भरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ॥

(1).मर्त्य का क्या अर्थ है ?

(क) मरा हुआ  (ख) मरणशील  (ग) कमजोर  (घ) कायर

(2). कवि ने किसकी मृत्यु को सुमृत्यु माना है ?

(क) परोपकारी व्यक्ति की

(ख) पढ़े लिखे व्यक्ति की

(ग) अमीर व्यक्ति की

(घ) ज्ञानी की

(3).अपना स्वार्थ साधने वाले व्यक्तियों को पशुओं के समान क्यों माना है ?

(क) क्योंकि ऐसे व्यक्तियों से पशु अच्छे होते हैं

(ख) क्योंकि मनुष्य इस सृष्टि का सर्वश्रेष्ठ प्राणी है

(ग) पशु भी केवल अपना ही पेट भरते हैं उनको दूसरों की चिंता नहीं होती

(घ) पशु एक निकृष्ट प्राणी होता है

(4).विश्व में कैसे लोगों की कीर्ति फैलती है ?

(क) जो धनवान हैं

(ख) जो पढ़े-लिखे हैं

(ग) जो अवसर का लाभ उठाना जानते हैं

(घ) जो उदार मनवाला हैं

(5).'अखंड आत्म-भाव जो असीम विश्व में भरे' इस पंक्ति का क्या आशय है ?

(क) जो पूरे विश्व को अपने परिवार की तरह माने

(ख) जो सबको सहिष्णुता का पाठ पढ़ाए

(ग) जो सारे विश्व को अपने अधीन कर ले

(घ) जो पूरे विश्व में अपनी धाक जमा दे

**प्रश्न-8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने केलिए उचित विकल्प का चयन कीजिए। (1x2=2)**

(1).“बूढ़तो गजराज राख्यो , काटी कुंजर पीर |” पंक्ति पर भाव प्रकट करें |

(क) जैसे अपने ऐरावत को मगरमच्छ से बचाया

(ख) जैसे आपने इंद्र को मगरमच्छ से बचाया

(ग) जैसे आपने भगवान् को मगरमच्छ से बचाया

(घ) सभी

(2). अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या सुझाव दिया है ?

(क) निंदक को नमस्ते करने को कहा है

(ख)  निंदक से दूर रहने को कहा है

(ग)  निंदक को पास रखने को कहा है

(घ)  निंदा पास रखने को कहा है

**गद्य खंड से**

**प्रश्न-9. निम्नलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उन पर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर- विकल्पों में से चुनकर लिखिए।** **( 1x5=5)**

मैं छोटा था, वह बड़े थे। मेरी उम्र नौ साल की थी, वह चौदह साल के थे। उन्हें मेरी तम्बीह और निगरानी का पूरा और जन्मसिद्ध अधिकार था और मेरी शालीनता इसी में थी कि उनके हुक्म को कानून समझू। वह स्वभाव से बड़े अध्ययनशील थे। हरदम किताब खोले बैठे रहते और शायद दिमाग को आराम देने के लिए कभी कॉपी पर, किताब के हाशियों पर चिड़ियों, कुत्तों, बिल्लियों की तस्वीरें बनाया करते थे। कभी-कभी एक ही नाम या शब्द या वाक्य दस-बीस बार लिख डालते। कभी एक शेर को बार-बार सुंदर अक्षरों में नकल करते। कभी ऐसी शब्द-रचना करते, जिसमें न कोई अर्थ होता, न कोई सामंजस्य। मसलन एक बार उनकी कॉपी पर मैंने यह इबारत देखी-स्पेशल, अमीना, भाइयों-भाइयों, दरअसल, भाई-भाई। राधेश्याम, श्रीयुत राधेश्याम, एक घंटे तक-इसके बाद एक आदमी का चेहरा बना हआ था। मैंने बहत चेष्टा की कि इस पहेली का कोई अर्थ निकालूँ। लेकिन असफल रहा। और उनसे पूछने का साहस न हुआ। वह नौवीं जमात में थे, मैं पाँचवीं में। उनकी रचनाओं को समझना मेरे लिए छोटा मुँह बड़ी बात थी।

(1). बड़े भाई साहब का जन्मसिद्ध अधिकार क्या था ?

(क) छोटे भाई को प्यार करना

(ख) छोटे भाई को उपदेश देना

(ग) मौज-मस्ती करना

(घ) छोटे भाई को डाँटना-डपटना और निगरानी करना।

(2). लेखक की शालीनता किस बात में थी ?

(क) खेलने-कूदने में

(ख) मेहनत से पढ़ाई करने में

(ग) उसी उम्र में  बड़े भाई के आदेश को कानून मानने में

(घ) बड़े भाई का आदेश न मानने में।

(3). बड़े भाई साहब का स्वभाव कैसा था

(क) वे बहुत अध्ययनशील थे

(ख) खाने-पीने के शौकीन थे

(ग) बहुत चंचल थे

(घ) खेलने-कूदने के शौकीन थे।

(4). बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे ?

(क) सो जाते थे

(ख) संगीत सुनते थे

(ग) किताब पर कुत्ते-बिल्लियों के चित्र बनाने जैसी निरर्थक हरकतें करते थे

(घ) नदी के किनारे पर जाकर बैठ जाते थे।

(5). कौन-सा कार्य लेखक के लिए 'छोटा मुँह बड़ी बात थी'

(क) बड़े भाई साहब की रचनाओं को समझना

(ख) बड़े भाई साहब से कुछ पूछना

(ग) बड़े भाई साहब को निरर्थक कार्यों से रोकना

(घ) बड़े भाई साहब से तर्क-वितर्क करना।

**प्रश्न-10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने केलिए उचित विकल्प का चयन कीजिए। (1x2=2)**

(1).सुलेमान किसके साथ रास्ते से गुज़र रहा था ?

(क) अपने घोड़े के साथ

(ख) अपनी बच्चो के साथ

(ग) अपने लश्कर के साथ (घ) कोई नहीं

(2). प्रकृति में आये असंतुलन के क्या परिणाम है ?

(क) गर्मी में अधिक गर्मी (ख) असमय वर्षा होना (ग) दोनों (घ) कोई नहीं

**खंड - ' ब ' ( वर्णनात्मक प्रश्न )**

**प्रश्न-11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए। ( 3x2=6)**

(1).मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है ?

(2). पहले पद में मीरा ने हरि से अपनी पीड़ा हरने की विनती किस प्रकार की है ?
(3). मनुष्य मात्र बंधु है' से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न-12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए। ( 3x2=6)**

(1).छोटे भाई ने अपनी पढ़ाई का टाइम-टेबिल बनाते समय क्या-क्या सोचा और फिर का पालन क्यों नहीं कर पाया?
(2). अरब में लशकर को नूह के नाम से क्यों याद करते हैं?
(3). लेखक की माँ ने पूरे दिन का रोज़ा क्यों रखा?

**प्रश्न-13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए। ( 3x2=6)**

(1). हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे?
(2). समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है? इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए।
(3). अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं? कहानी के आधार पर स्पष्ट

रचनात्मक लेखन

**प्रश्न-14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। ( 5x1=5)**

(1).बढ़ती जनसंख्या : प्रगति में बाधक संकेत बिन्दु : * जनसंख्या वृद्धि बनी समस्या * वृद्धि के कारण *जनसंख्या रोकने के उपाय।

अथवा

(2). मोबाइल फ़ोन : सुखद व दुखद भी संकेत बिन्दु : विज्ञान की अद्भुत खोज * फ़ोनों की बदलती दुनिया में * संचार क्षेत्र में क्रांति लाभ और हानियाँ।

अथवा

(3) विद्यार्थी और अनुशासन
संकेत बिंदु : * विद्यार्थी का कर्तव्य * अनुशासन के लाभ * विद्यार्थी जीवन में इसका महत्त्व

**प्रश्न-15. (1) पानी का नया कनेक्शन लेने के लिए दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य राजस्व अधिकारी को प्रार्थना पत्र लिखिए। आप 231/3, बाबा कॉलोनी, संतनगर, दिल्ली निवासी शैलेंद्र हो। ( 5x1=5)**

अथवा

**(2) अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए, जिसमें खेलों का नया सामान मँगवाने का अनुरोध किया गया हो। आप सम्राट अशोक पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल, पांडव नगर, दिल्ली के छात्र हो।**

**प्रश्न-16 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए। ( 4x1=4 )**

**(1).** आपके विद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हर तरह की पुस्तकों पर 25% छूट दी जाएगी। ये पुस्तकें विभिन्न विषयों से संबंधित होंगी। इस संबंध में एक सूचना आलेख तैयार कीजिए। आप दसवींबी के छात्र गौतम शर्मा हैं।

अथवा

**(2).** 'ज्योति आई केयर फाउंडेशन' आपकी कॉलोनी में एक कैंप लगाना चाहती है, जिसमें 50 साल से अधिक उम्र वाले स्त्री-पुरुषों की आँख संबंधी बीमारियों का निःशुल्क इलाज किया जाएगा। इस कैंप में साठ साल से अधिक आयु के लोगों को चश्मा मुफ़्त दिया जाएगा। कॉलोनी के सचिव की तरफ से एक सूचना आलेख तैयार कीजिए।

**प्रश्न-17 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। ( 3x1=3 )**

(1). अपने पुराने मकान को बेचने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

(2). रॉयल टेलीविज़न' बनाने वाली कंपनी के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।

**प्रश्न-18 (1). ' उड़ान ' शीर्षक पर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए। (1x5=5)**

प्रस्थान बिंदु -

* सरिता नाम की एक अनाथ बालिका।
*कूड़ा - करकट इकट्ठा करना।
*एक धनी महिला का उसे देखना।
*सरिता को अपने साथ ले जाना और पढ़ाना।
* उसका पढ़कर एक शिक्षिका के रूप में कार्य करना।
*गरीब बच्चों की मदद करने का संकल्प करना।

**अथवा**

**(2). अपने क्षेत्र में एक पार्क विकसित करने के लिए एक ईमेल पत्र नगर निगम अधिकारी को लिखिए।**